राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

हिन्दी पखवाड़े के शुभारंभ के अवसर पर निदेशक(मानव संसाधन) की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 02 09 2019 को पोसोको केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें निदेशक मण्डल के अलावा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे |

सर्वप्रथम प्रबन्धक(राजभाषा) ने निदेशक(मानव संसाधन) व अन्य गणमान्य सदस्यों के साथ सभी कार्मिकों का हिन्दी पखवाड़े के शुभ अवसर पर हार्दिक स्वागत किया |

निदेशक(मानव संसाधन) ने पत्राचार की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को धारा 3(3) का हवाला देते हुए सभी विभागों/विभागाध्यक्षों को कार्यायतीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी को प्राथमिकता देते हुए अपना अधिकतम कार्य राजभाषा हिन्दी में करने हेतु आग्रह किया |

निदेशक(मानव संसाधन) ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजभाषा हिन्दी में कार्य करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य ही नहीं अपितु संवैधानिक कर्तव्य भी है |

निदेशक(मानव संसाधन) ने कहा कि सभी कार्मिक पोसोको मेल से राजभाषा हिन्दी में ही मेल भेजें |

निदेशक(मानव संसाधन) ने रूपया 10,000/- की हिन्दी की किताबें खरीदने हेतु भी अपना अनुमोदन दिया |

निदेशक(मानव संसाधन) ने अपने सम्बोधन में यह भी उल्लेख किया कि पोसोको केंद्रीय कार्यालय और राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र क क्षेत्र में आने के कारण सभी कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी में अपना अधिकतम कार्य करना चाहिए जिससे 100% राजभाषा हिन्दी के वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके |

निदेशक(मानव संसाधन) ने नराकास दिल्ली उपक्रम 2 द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन में पोसोको के राजभाषा विभाग द्वारा इस सम्मेलन का लोगो बनाने का उल्लेख किया और अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन में पोसोको के स्टाल पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न निगमों से आए हिन्दी अधिकारियों द्वारा की जाने वाली प्रशंसा का भी उल्लेख किया | निदेशक महोदया ने हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में सभी कार्मिकों को बढ़ चढ़ कर भाग लेने हेतु आग्रह किया और हिन्दी दिवस की बधाई भी दी |

अंत में प्रबन्धक(राजभाषा) ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए निदेशक(मानव संसाधन) वसभी वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों का इस बैठक में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
प्रबन्धक(मानव संसाधन)
11 09 2019

वरिष्ठ महाप्रबंधक(मानव संसाधन)

11/9/19